सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

पत्र सं0–44/सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2026 दिनांक 29/01/2026

सेवा में,

**प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक**
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

**विषय– सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा सूचना न उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि शासन के निर्देशानुसार सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों से सूचना/अभिलेख का विवरण निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया जाता है। **किन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित समय सीमा व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी अधोहस्ताक्षरि कार्यालय को सम्बन्धित सूचना उपलब्ध नहीं करायी जाती है, जो एक गम्भीर विषय है।** उक्त स्थिति विश्वविद्यालय प्राविधानों के अनुरूप नहीं है तथा इससे शासकीय एवं शैक्षणिक कार्यो के निष्पादन में अनावश्यक बाधा उत्पन्न हो रही है। **जिस पर मा0 कुलपति जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।**

अतः आपसे आपेक्षा की जाती है कि **शासन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा वांछित सूचना/अभिलेख अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरि कार्यालय में ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें,** अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय अधिनियम/नियमावली के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

कृपया इस निर्देश को अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुए तत्काल अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय
29/01/26
कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक।
2. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालय के कालेज लागिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
3. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, कुलसचिव को सूचनार्थ।
5. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।